# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : बी0एड0/05/3379
दिनांक : 28.05.2019

**संशोधित प्रेस विज्ञप्ति**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक
समस्त राजकीय, अनुदानित, स्ववित्त पोषित एवं अल्पसंख्यक,
बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय/संस्थान,
सम्बद्ध, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषय – बी0एड0(द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 प्रथम वर्ष में प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म शून्य शुल्क पर भरवायें जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक बी0एड0/05/3373 (प्रेस विज्ञप्ति) दिनांक 22.05.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त विज्ञप्ति में निर्देशित किया गया है कि बी0एड0(द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 के प्रथम वर्ष के प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म शून्य शुल्क पर जमा कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। परन्तु त्रुटिवश सत्र 2017–19 के द्वितीय वर्ष में प्रवेशित छात्रों के शून्य शुल्क पर फार्म जमा करने हेतु निर्देशित करना छूट गया है।

अतः आप बी0एड0 सत्र 2018–20 के प्रथम व सत्र 2017–19 के द्वितीय वर्ष के छात्रों के फार्म शून्य शुल्क पर जमा कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

28.5.19

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित समस्त महाविद्यालय/संस्थान सम्बद्ध, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ व इस निदेश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों को अपने स्तर से अवगत कराना सुनिश्चित करें।
3. आशुलिपिक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. संकायाध्यक्ष, शिक्षा, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. वित्त अधिकारी/लेखाधिकारी महोदय के सूचनार्थ
6. प्रवेश समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. समस्त सम्बद्ध एम0एड0 महाविद्यालय/संस्थान।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
9. उपकुलसचिव (परीक्षा)।
10. प्रभारी (अति–गोपनीय/सामान्य/सामान्य भण्डार)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. वि0वि0 द्वारा अधिकृत कम्पनी को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षाफार्म भली भाँति जाँच कर शुन्य शुल्क पर भरवाने की व्यवस्था करें।

28/05

उप कुलसचिव
बी0एड0(परीक्षा)